**Series : W2XYZ**

**SET-2**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **64/2/2**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट/NOTE :**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** (**2 मानचित्र** सहित) हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

- Please check that this question paper contains **23** printed pages (Including **2 Maps**).
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# भूगोल (सैद्धान्तिक)

# GEOGRAPHY (Theory)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **70***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **70***

**सामान्य निर्देश :**

***निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :***

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **30** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड-क, ख, ग, घ** एवं **ङ** ।*

*(iii)* ***खण्ड – क** : प्रश्न संख्या **1** से **17** तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iv)* ***खण्ड – ख** : प्रश्न संख्या **18** एवं **19** स्रोत-आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है ।*

*(v)* ***खण्ड – ग** : प्रश्न संख्या **20** से **23** तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है । इन प्रश्नों का उत्तर **80** से **100** शब्दों में लिखा जाना चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड – घ** : प्रश्न संख्या **24** से **28** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है । इन प्रश्नों का उत्तर **120** से **150** शब्दों में लिखा जाना चाहिए ।*

*(vii)* ***खण्ड – ङ** : प्रश्न संख्या **29** व **30** मानचित्र-आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है ।*

*(viii)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है । इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें ।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, खण्ड-क के अतिरिक्त अन्य खण्डों के कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है ।*

## खण्ड – क

**प्रश्न संख्या 1 से 17 बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं ।** **(17 × 1 = 17)**

1. 'नवनिश्चयवाद' की संकल्पना __________ के द्वारा प्रस्तुत की गई । **1**

(A) एहरलिच (B) सी. सेंपल

(C) ग्रिफ़िथ टेलर (D) हम्बोल्ट

2. "मानव भूगोल मानव समाजों और धरातल के बीच संबंधों का संश्लेषित अध्ययन है ।" मानव भूगोल की यह परिभाषा __________ के द्वारा दी गई है । **1**

(A) विडाल-डी-ला ब्लाश (B) रिचर्ड हार्टशोर्न

(C) रिटर (D) रैटजेल

3. निम्नलिखित में से कौन-सा एक विषय के रूप में 'भूगोल' का मुख्य सरोकार है ? **1**

(A) जनसंख्या वितरण और उसको प्रभावित करने वाले कारकों को समझना ।

(B) संसाधन-वितरण और उनके उपयोग के बीच संबंध को समझना ।

(C) पृथ्वी को मानव के आवास और इसकी वहनीयता को समझना ।

(D) पृथ्वी को प्राकृतिक संसाधनों का घर और उनके आंकलन को समझना ।

***General Instructions :***

***Read the following instructions carefully and follow them :***

*(i)* *This question paper contains* ***30*** *questions.* ***All*** *questions are* **compulsory**.

*(ii)* *Question paper is divided into* **five** *Sections –* **Section A, B, C, D** *and* **E.**

*(iii)* *Section* ***A*** *– Questions no.* ***1*** *to* ***17*** *are Multiple Choice type questions. Each question carries 1 mark.*

*(iv)* *Section* ***B*** *– Questions no.* ***18*** *and* ***19*** *are Source based questions. Each question carries* ***3*** *marks.*

*(v)* *Section* ***C*** *– Questions no.* **20 to 23** *are Short Answer type questions. Each question carries* ***3*** *marks. Answer to these questions shall be written in* ***80*** *to* ***100*** *words.*

*(vi)* *Section* ***D*** *– Questions no.* ***24*** *to* ***28*** *are Long Answer type questions. Each question carries* ***5*** *marks. Answer to these questions shall be written in* ***120*** *to* ***150*** *words.*

*(vii)* *Section* ***E*** *– Questions no.* ***29*** *&* ***30*** *are Map based questions. Each question carries* ***5*** *marks.*

*(viii)* *In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

*(ix)* *There is no overall choice given in the question paper. However, an internal choice has been provided in a few questions in all sections other than Section A.*

## SECTION – A

**Question no. 1 to 17 are Multiple Choice Type Questions. (17 × 1 = 17)**

1. The concept of 'Neodeterminism' was introduced by __________. **1**

(A) Ehrlich (B) C. Semple

(C) Griffith Taylor (D) Humboldt

2. "Human geography is the synthetic study of relationship between human societies and earth's surface." This definition of human geography is given by __________. **1**

(A) Vidal-de-la-Blache (B) Richard Hartshorne

(C) Ritter (D) Ratzel

3. Which one of the following is the core concern of geography as a discipline ? **1**

(A) To understand population distribution and the factors affecting the same.

(B) To understand the relationship between resource distribution and its utilisation.

(C) To understand the earth as the home of human beings and its sustainability.

(D) To understand the earth as the home of natural resources and their estimation.

4. अंतर्देशीय पत्तन से संबंधित निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

(i) ये पत्तन समुद्री तट से दूर अवस्थित होते हैं ।

(ii) ये पत्तन समुद्र से अंतर्देशीय जल निकायों से जुड़े होते हैं ।

(iii) ये पत्तन चौरस तल वाले जहाज या बजरे द्वारा गम्य होते हैं ।

(iv) कोच्चि, अदन और होनोलूलू अंतर्देशीय पत्तन के कुछ उदाहरण हैं ।

**विकल्प :**

(A) केवल (i), (ii) और (iii) सही हैं ।

(B) केवल (i), (ii) और (iv) सही हैं ।

(C) केवल (i), (iii) और (iv) सही हैं ।

(D) केवल (ii), (iii) और (iv) सही हैं ।

5. नीचे दो कथन दिए गए हैं । ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं । दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

**अभिकथन (A)** : अंतर्राष्ट्रीय व्यापार राष्ट्रों के लिए हानिकारक साबित हो सकता है ।

**कारण (R)** : इससे अन्य देशों पर निर्भरता बढ़ सकती है, जिससे शोषण हो सकता है ।

**विकल्प :**

(A) दोनों (A) तथा (R) सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) दोनों (A) तथा (R) सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है ।

6. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

आधुनिक समय में, व्यापार विश्व के आर्थिक संगठनों और राष्ट्रों की ___________ से संबंधित है ।

**विकल्प :**

(A) द्विपक्षीय व्यापार नीति
(B) बहुपक्षीय व्यापार नीति
(C) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नीति
(D) आंतरिक आवश्यकता नीति

7. भारत के निम्नलिखित नगरों को उनके ऐतिहासिक विकास के आधार पर प्राचीनतम से नवीनतम के क्रम में व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

(i) चेन्नई
(ii) गाँधीनगर
(iii) पटना
(iv) लखनऊ

**विकल्प :**

(A) (iii), (iv), (ii), (i)
(B) (iii), (iv), (i), (ii)
(C) (iv), (iii), (i), (ii)
(D) (iv), (iii), (ii), (i)

4. Read the following statements regarding inland ports carefully and choose the correct option : 1

(i) These ports are located away from the sea coast.

(ii) These ports are linked to sea by inland water bodies.

(iii) These ports are accessible by flat bottomed ships or barges.

(iv) Kochchi, Aden and Honolulu are some of the examples of inland port.

**Options :**

(A) Only (i), (ii) and (iii) are correct.

(B) Only (i), (ii) and (iv) are correct.

(C) Only (i), (iii) and (iv) are correct.

(D) Only (ii), (iii) and (iv) are correct.

5. Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements carefully and choose the correct option : 1

**Assertion (A) :** 'International trade may prove to be detrimental to nations.'

**Reason (R) :** 'It may lead to dependence on other nations causing exploitation.'

**Options :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is correct, but (R) is not correct.

(D) (A) is incorrect but (R) is correct.

6. Choose the correct option to fill the blank : 1

"In modern times, trade is the basis of the world's economic organisation and is related to the __________ of nations".

(A) bilateral trade policy

(B) multi-lateral trade policy

(C) foreign trade policy

(D) internal need policy

7. Arrange the following towns of India as per their historical evolution from the oldest to the newest order and choose the correct option : 1

(i) Chennai

(ii) Gandhinagar

(iii) Patna

(iv) Lucknow

**Options :**

(A) (iii), (iv), (ii), (i)

(B) (iii), (iv), (i), (ii)

(C) (iv), (iii), (i), (ii)

(D) (iv), (iii), (ii), (i)

8. भारत की नगरीय बस्तियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

(i) सभी नगरीय बस्तियाँ विनिर्माण के केन्द्र हैं ।

(ii) सामान्यत: नगरीय बस्तियाँ संहत (सघन) और बड़े आकार की हैं ।

(iii) ये विविध प्रकार के गैर-कृषि कार्यों में संलग्न हैं ।

(iv) नगरीय बस्तियों का ग्रामीण बस्तियों के साथ सीधा संबंध होता है ।

**विकल्प :**

(A) केवल (i), (ii) और (iv) सही हैं ।

(B) केवल (i), (iii) और (iv) सही हैं ।

(C) केवल (ii), (iii) और (iv) सही हैं ।

(D) केवल (i), (ii) और (iii) सही हैं ।

9. नीचे दो कथन दिए गए हैं । ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं । दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

**अभिकथन (A)** : कृषि में समृद्ध राज्य पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश भूजल की कमी के संकट का सामना कर रहे हैं ।

**कारण (R)** : जल स्तर पुनर्भरण की तुलना में सिंचाई के लिए अधिक भूजल का उपयोग किया जाता है ।

**विकल्प :**

(A) दोनों (A) तथा (R) सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) दोनों (A) तथा (R) सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं हैं ।

(C) (A) सही नहीं है, लेकिन (R) सही है ।

(D) (A) सही है, लेकिन (R) सही नहीं है ।

10. इंदिरा गांधी नहर परियोजना से संबंधित निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

(i) इंदिरा गांधी नहर परियोजना को 1950 में कँवर सेन द्वारा संकल्पित किया गया था और इसको 1961 में प्रारंभ किया गया था ।

(ii) नहर सिंचाई की शुरुआत से कमांड क्षेत्र की कृषि अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है ।

(iii) नहर सिंचाई के प्रसार से खेती के क्षेत्र और फसल सघनता में वृद्धि हुई है ।

(iv) ज्वार-बाजरे की परंपरागत फसलों को गेहूँ और चावल आदि ने प्रतिस्थापित कर दिया है ।

**विकल्प :**

(A) केवल (i), (ii) और (iv) सही हैं । (B) केवल (i), (ii) और (iii) सही हैं ।

(C) केवल (i), (iii) और (iv) सही हैं । (D) केवल (ii), (iii) और (iv) सही हैं ।

8. Read the following statements regarding urban settlements of India carefully and choose the correct options : **1**

(i) All urban settlements are manufacturing centres.

(ii) Urban settlements are generally compact and larger in size.

(iii) They are engaged in a variety of non-agricultural activities.

(iv) The urban settlements have direct relation with rural settlements.

**Options :**

(A) Only (i), (ii) and (iv) are correct.

(B) Only (i), (iii) and (iv) are correct.

(C) Only (ii), (iii) and (iv) are correct.

(D) Only (i), (ii) and (iii) are correct.

9. Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements carefully and choose the correct option : **1**

**Assertion (A) :** 'The agriculturally rich states of Punjab, Haryana and western Uttar Pradesh are facing the crisis of groundwater depletion.'

**Reason (R) :** 'More groundwater is utilised for irrigation than water-table recharge.'

**Options :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is correct reason of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct reason of (A).

(C) (A) is not correct, but (R) is correct.

(D) (A) is correct, but (R) is not correct.

10. Read the following statements related to Indira Gandhi Canal Project carefully and choose the correct option : **1**

(i) Indira Gandhi Canal project was conceived by Kanwar Sain in 1950 and it was launched in 1961.

(ii) Introduction of canal irrigation has brought perceptible changes in the agricultural economy of the command area.

(iii) Spread of canal irrigation has led to increase in cultivated area and crop intensity.

(iv) Traditional crops of jowar, bajra has been replaced by rice and wheat etc.

**Options :**

(A) (i), (ii) and (iv) only are correct.

(B) (i), (ii) and (iii) only are correct.

(C) (i), (iii) and (iv) only are correct.

(D) (ii), (iii) and (iv) only are correct.

11. भारत के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से संबंधित निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

(i) भारत की एक लंबी तटरेखा है जो तीन तरफ से समुद्र से घिरी हुई है ।

(ii) भारत के तट पर बड़ी संख्या में सुविकसित पत्तन हैं ।

(iii) कांडला पत्तन बड़ी मात्रा में लौह-अयस्क का निर्यात करता है ।

(iv) भारी-भरकम वस्तुओं का जलमार्ग द्वारा परिवहन खर्च बहुत सस्ता है ।

**विकल्प :**

(A) केवल (i), (ii) और (iv) सही हैं ।

(B) केवल (i), (ii) और (iii) सही हैं ।

(C) केवल (i), (iii) और (iv) सही हैं ।

(D) केवल (ii), (iii) और (iv) सही हैं ।

12. ऐसा क्यों है कि झुग्गी बस्तियाँ (slums) सबसे कम विकल्प वाला निवास क्षेत्र है ? सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

(i) इनमें खराब वेंटिलेशन वाले जर्जर घर हैं ।

(ii) रोशनी और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएँ मिलना मुश्किल हैं ।

(iii) स्वास्थ्यकर परिस्थितियाँ और पेयजल अव्यवस्थित हैं ।

(iv) बेहतर जल-निकासी सुविधाएँ उपलब्ध हैं ।

**विकल्प :**

(A) केवल (i), (ii) और (iii) सही हैं ।

(B) केवल (ii), (iii) और (iv) सही हैं ।

(C) केवल (i), (iii) और (iv) सही हैं ।

(D) केवल (i), (ii) और (iv) सही हैं ।

13. मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में जल संभर प्रबंधन कार्यक्रम निम्नलिखित में से किस मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित है ? 1

(A) ग्रामीण विकास (B) पर्यावरण

(C) परिवहन (D) सिंचाई

14. भारत में पन्ना, पाड़ा, पाली, नगला, ढाँणी आदि स्थानीय नाम निम्नलिखित में से किस प्रकार की ग्रामीण बस्तियों के उदाहरण हैं ? 1

(A) गुच्छित बस्ती (B) अर्द्ध-गुच्छित बस्ती

(C) पल्ली बस्ती (D) परिक्षिप्त बस्ती

11. Read the following statements related to international trade of India carefully and choose the correct option : 1

(i) India has a long coastline surrounded by ocean from three sides.

(ii) Indian coasts have large number of well-developed sea ports.

(iii) Kandla port exports huge amount of iron-ore.

(iv) The transportation cost by water is very cheap for voluminous items.

**Options :**

(A) Only (i), (ii) and (iv) are correct.

(B) Only (i), (ii) and (iii) are correct.

(C) Only (i), (iii) and (iv) are correct.

(D) Only (ii), (iii) and (iv) are correct.

12. Why is it that slums are the areas of residence with least choice ? Choose the correct options : 1

(i) They have dilapidated houses with poor ventilation.

(ii) The basic facilities like lights and toilets are difficult to get.

(iii) Hygienic conditions and drinking water are improper.

(iv) Better drainage facilities are available.

**Options :**

(A) Only (i), (ii) and (iii) are correct.

(B) Only (ii), (iii) and (iv) are correct.

(C) Only (i), (iii) and (iv) are correct.

(D) Only (i), (ii) and (iv) are correct.

13. The watershed management programme in Jhabua district of Madhya Pradesh is funded by which one of the following ministries ? 1

(A) Rural Development (B) Environment

(C) Transport (D) Irrigation

14. Local names like Panna, Para, Palli, Nagla, Dhani etc. are examples of which of the following types of rural settlements in India ? 1

(A) Clustered settlement (B) Semi-clustered settlement

(C) Hamleted settlement (D) Dispersed settlement

निम्नलिखित तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और प्रश्न सं. **15** से **17** तक उत्तर लिखिए :

**भारत का निर्यात संघटन : 2009-2017**

(निर्यात में प्रतिशत अंश)

| वस्तुएँ/माल | 2009-10 | 2010-11 | 2015-16 | 2016-17 |
|---|---|---|---|---|
| कृषि एवं समवर्गी उत्पाद | 10.0 | 9.9 | 12.6 | 12.3 |
| अयस्क एवं खनिज | 4.9 | 4.0 | 1.6 | 1.9 |
| विनिर्मित वस्तुएँ | 67.4 | 68.0 | 72.9 | 73.6 |
| पेट्रोलियम व अपरिष्कृत उत्पाद | 16.2 | 16.8 | 11.9 | 11.7 |
| अन्य वस्तुएँ | 1.5 | 1.2 | 1.1 | 0.5 |

15. निम्नलिखित में से किस श्रेणी की वस्तुओं के निर्यात में 2015-16 से 2016-17 तक अधिकतम गिरावट दर्ज की गई है ? **1**

    (A) कृषि एवं समवर्गी उत्पाद  (B) अयस्क एवं खनिज
    (C) पेट्रोलियम व अपरिष्कृत उत्पाद  (D) अन्य वस्तुएँ

16. निम्नलिखित में से किस श्रेणी की वस्तुओं के अंतर्गत 2010-11 से 2016-17 तक निर्यात में वृद्धि देखी गई ? **1**

    (A) कृषि एवं समवर्गी उत्पाद  (B) अयस्क और खनिज
    (C) पेट्रोलियम व अपरिष्कृत उत्पाद  (D) अन्य वस्तुएँ

17. निम्नलिखित में से किस श्रेणी की वस्तुओं के निर्यात में निरंतर वृद्धि दिखायी देती है ? **1**

    (A) कृषि एवं समवर्गी उत्पाद  (B) अयस्क और खनिज
    (C) विनिर्मित वस्तुएँ  (D) अन्य वस्तुएँ

## खण्ड – ख

**प्रश्न संख्या 18 एवं 19 स्रोत–आधारित प्रश्न हैं।** **(2 × 3 = 6)**

18. दिए गए अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**आखेट एवं भोजन संग्रह**

मानव सभ्यता के आरंभिक युग में आदिमकालीन मानव अपने जीवन–निर्वाह के लिए अपने समीप के वातावरण पर निर्भर रहता था। उसका जीवन–निर्वाह दो प्रकार के कार्यों द्वारा होता था : (क) पशुओं का आखेट करके और (ख) अपने समीप के जंगलों से खाने योग्य जंगली पौधे एवं कंद–मूल आदि को एकत्रित करके।

Study the following table carefully and answer the Question No. **15** to **17** :

**Composition of India's export : 2009-2017**

(Percentage share in exports)

| Commodities | 2009-10 | 2010-11 | 2015-16 | 2016-17 |
|---|---|---|---|---|
| Agriculture and allied products | 10.0 | 9.9 | 12.6 | 12.3 |
| Ore and minerals | 4.9 | 4.0 | 1.6 | 1.9 |
| Manufactured goods | 67.4 | 68.0 | 72.9 | 73.6 |
| Crude and petroleum products | 16.2 | 16.8 | 11.9 | 11.7 |
| Other commodities | 1.5 | 1.2 | 1.1 | 0.5 |

15. Under which one of the following category of commodities, maximum decline in export is recorded from 2015-16 to 2016-17 ? **1**
    (A) Agriculture and allied products (B) Ore and minerals
    (C) Crude and petroleum products (D) Other commodities

16. Under which one of the following categories of commodities, the increase in export is observed from 2010-11 to 2016-17 ? **1**
    (A) Agriculture and allied products (B) Ore and minerals
    (C) Crude and petroleum products (D) Other commodities

17. Under which one of the following category of commodities, increase in export is continuously observed ? **1**
    (A) Agriculture and allied products (B) Ore and minerals
    (C) Manufactured goods (D) Other commodities

## SECTION – B

**Question no. 18 and 19 are Source-Based Questions. (2 × 3 = 6)**

18. Read the passage carefully and answer the questions that follow :

**Hunting and Food Gathering**

The earliest human beings depended on their immediate environment for their sustenance. They subsisted on : (a) animals which they hunted; and (b) the edible plants which they gathered from forests in the vicinity.

आदिमकालीन समाज जंगली पशुओं पर निर्भर था । अतिशीत एवं अत्यधिक गर्म प्रदेशों के रहने वाले लोग आखेट द्वारा जीवन-यापन करते थे । तकनीकी विकास के कारण यद्यपि मत्स्य-ग्रहण आधुनिकीकरण से युक्त हो गया है, तथापि तटवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोग अब भी मछली पकड़ने का कार्य करते हैं । अवैध शिकार के कारण जीवों की कई प्रजातियाँ या तो लुप्त हो गई हैं या संकट में हैं । प्राचीन-काल के आखेटक पत्थर या लकड़ी के बने औजार एवं तीर इत्यादि का प्रयोग करते थे, जिससे मारे जाने वाले पशुओं की संख्या सीमित रहती थी ।

भोजन संग्रह एवं आखेट प्राचीनतम ज्ञात आर्थिक क्रियाएँ हैं । विश्व के विभिन्न भागों में यह कार्य विभिन्न स्तरों पर विभिन्न रूपों में किया जाता है । भोजन संग्रह कार्य कठोर जलवायुविक दशाओं में किया जाता है । इसे अधिकतर आदिमकालीन समाज के लोग करते हैं । ये लोग अपने भोजन, वस्त्र एवं आश्रय की आवश्यकता की पूर्ति हेतु पशुओं एवं वनस्पति का संग्रह करते हैं । इस कार्य के लिए बहुत कम पूँजी एवं निम्न स्तरीय तकनीकी ज्ञान की आवश्यकता होती है । इसमें भोजन अधिशेष भी नहीं रहता है एवं प्रति व्यक्ति उत्पादकता भी कम होती है ।

(18.1) जंगली पशुओं के अवैध शिकार के प्रभाव का मूल्यांकन कीजिए । 1

(18.2) आदिम काल में पशुओं का शिकार सीमित क्यों था ? व्याख्या कीजिए । 1

(18.3) आदिमकालीन मनुष्य अपने समीप के वातावरण पर निर्भर क्यों था ? व्याख्या कीजिए । 1

19. निम्नलिखित तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए : 3

**समस्त कृषि योग्य भूमि की संरचना**

| **कृषि योग्य भू-उपयोग** | **रिपोर्टिंग क्षेत्रफल का प्रतिशत** | | **समस्त कृषि योग्य भूमि का प्रतिशत** | |
|---|---|---|---|---|
| **वर्ग** | **1950-51** | **2014-15** | **1950-51** | **2014-15** |
| कृषि योग्य बंजर भूमि | 8.0 | 4.0 | 13.4 | 6.8 |
| पुरातन परती भूमि | 6.1 | 3.6 | 10.2 | 6.2 |
| वर्तमान परती भूमि | 3.7 | 4.9 | 6.2 | 8.4 |
| निवल बोया गया क्षेत्र | 41.7 | 45.5 | 70.0 | 78.4 |
| **सकल कृषि योग्य भूमि** | **59.5** | **58.0** | **100.00** | **100.00** |

(19.1) 1950-51 की तुलना में 2014-15 में कृषि योग्य भूमि में कमी के कारण का उल्लेख कीजिए ।

(19.2) 1950-51 की तुलना में 2014-15 के दौरान वर्तमान परती भूमि में वृद्धि के कारण का उल्लेख कीजिए ।

(19.3) निवल बोये गए क्षेत्र में निरंतर वृद्धि के कारण की व्याख्या कीजिए ।

Primitive societies depended on wild animals. People located in very cold and extremely hot climates survived on hunting. The people in the coastal areas still catch fish though fishing has experienced modernisation due to technological development. Many species, now have become extinct or endangered due to illegal hunting (poaching). The early hunters used primitive tools made of stones, twigs or arrows so the number of animals killed was limited.

Gathering and hunting are the oldest economic activity known. These are carried out at different levels with different orientations.

Gathering is practised in regions with harsh climatic conditions. It often involves primitive societies, who extract, both plants and animals to satisfy their needs for food, shelter and clothing. This type of activity requires a small amount of capital investment and operates at very low level of technology. The yield per person is very low and little or no surplus is produced.

(18.1) Examine the impact of poaching on wild animals. **1**

(18.2) Why was hunting of animals limited in early times ? Explain. **1**

(18.3) Why did early man depend upon his immediate natural environment ? Explain. **1**

19. Study the following table carefully and answer the questions that follow : **3**

**Composition of Total Cultivable Land**

| **Agricultural Land use Categories** | **As a percentage of Reporting Area** | | **As a percentage of total cultivable land** | |
|---|---|---|---|---|
| | **1950-51** | **2014-15** | **1950-51** | **2014-15** |
| Culturable waste land | 8.0 | 4.0 | 13.4 | 6.8 |
| Fallow other than current fallow | 6.1 | 3.6 | 10.2 | 6.2 |
| Current fallow | 3.7 | 4.9 | 6.2 | 8.4 |
| Net area sown | 41.7 | 45.5 | 70.0 | 78.4 |
| **Total Cultivable Land** | **59.5** | **58.0** | **100.00** | **100.00** |

(19.1) Mention the reason for the decrease in cultivable waste land in 2014-15 as compared to 1950-51.


(19.2) Mention the reason for the increase in current fallow during 2014-15 as compared to 1950-51.

(19.3) Explain the reason of continuous increase in net area sown.

## खण्ड – ग

**प्रश्न संख्या 20 से 23 लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं ।** **(4 × 3 = 12)**

20. 'राईन जलमार्ग' के मानचित्र का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए प्रश्नों का उत्तर लिखिए :




राईन जलमार्ग

(20.1) उस देश का नाम लिखिए जिसमें राईन नदी का अधिकांश भाग आता है । **1**

(20.2) उन दो देशों के नाम लिखिए जिनके औद्योगिक क्षेत्रों को राईन नदी जोड़ती है । **½ + ½ = 1**

(20.3) राईन नदी विश्व का सर्वाधिक उपयोग किया जाने वाला जलमार्ग क्यों है ? **1**

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 20 के स्थान पर हैं ।**

(20.1) उस देश के नाम का उल्लेख कीजिए जिससे राईन जलमार्ग उद्गम की ओर से शुरू होता है । **1**

(20.2) उस प्रमुख समुद्री-पत्तन का नाम लिखिए जहाँ राईन नदी उत्तरी सागर में मिलती है । **1**

(20.3) वाणिज्य जल राजमार्ग के रूप में राईन नदी के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए । **1**

21. (a) विश्व जनसंख्या के वितरण पर जलवायु, जल की उपलब्धता और मृदा उर्वरता की भूमिका की परख कीजिए । **3**

**अथवा**


(b) जनांकिकीय संक्रमण सिद्धान्त की तीन अवस्थाओं की परख कीजिए । **3**

22. भारत में राज्य महामार्गों की मुख्य विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । **3**

## SECTION – C

**Question no. 20 to 23 are Short Answer Type Questions. (4 × 3 = 12)**

20. Study the map of Rhine waterways and answer the questions that follow :




**Rhine Waterway**

(20.1) Name the country in which most of Rhine river lies. **1**

(20.2) Name two countries whose industrial areas are connected by river Rhine. **½ + ½ = 1**

(20.3) Why is river Rhine world's most heavily used waterway ? **1**

**Note : The following questions are for the Visually Impaired Candidates only in lieu of Question No. 20 :**

(20.1) Mention the name of the country from where the Rhine waterway begins in the upstream. **1**

(20.2) Name the major sea port where river Rhine falls into North Sea. **1**

(20.3) Explain the significance of river Rhine as a water highway of commerce. **1**

21. (a) Examine the role of climate, water availability and soil fertility on the distribution of world population. **3**

**OR**

(b) Examine three stages of demographic transition theory. **3**

22. Explain the main features of State Highways in India. **3**

23. भारत में नगरीय अपशिष्ट निपटान की समस्या के समाधान के लिए उपाय सुझाइए । 3

**खण्ड – घ**

**प्रश्न संख्या 24 से 28 दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । (5 × 5 = 25)**

24. मानव विकास में वृद्धि के संबंध में अमर्त्य सेन द्वारा सुझाए गए उपागम की व्याख्या कीजिए । मानव विकास के चार मुख्य आयामों की परख कीजिए । 5

25. (a) विश्व अर्थव्यवस्था के विकास में सेवा क्षेत्रक की वृद्धि एवं महत्त्व का मूल्यांकन कीजिए । 5

**अथवा**

(b) विश्व अर्थव्यवस्था में परिवहन एवं संचार सेवाओं की वृद्धि एवं महत्त्व का मूल्यांकन कीजिए । 5

26. (a) भारतीय जनसंख्या की ग्रामीण एवं शहरी विशेषताओं का विश्लेषण कीजिए । 5

**अथवा**

(b) भारत में श्रमजीवी जनसंख्या संघटन की मुख्य विशेषताओं का विश्लेषण कीजिए । 5

27. (a) विश्व में बड़े पैमाने के विनिर्माण उद्योगों की मुख्य विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । 5

**अथवा**

(b) विश्व में 'उच्च प्रौद्योगिकी' उद्योग की मुख्य विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । 5

28. (a) "यद्यपि भारत खनिज संसाधनों में समृद्ध है फिर भी भू-भाग पर खनिजों का वितरण अत्यधिक असमान है ।" इस कथन का मूल्यांकन कीजिए । 5

**अथवा**

(b) "सतत् पोषणीय विकास के लिए खनिज संसाधनों का संरक्षण अति आवश्यक है ।" इस कथन का मूल्यांकन कीजिए । 5

**खण्ड – ङ**

**प्रश्न संख्या 29 एवं 30 मानचित्र-आधारित प्रश्न हैं । (2 × 5 = 10)**

29. विश्व के राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर सात भौगोलिक लक्षणों को A, B, C, D, E, F और G के रूप में अंकित किया गया है । उनमें से किन्हीं **पाँच** की पहचान कीजिए और उनके समीप खींची गई रेखा पर उनका नाम लिखिए : 5

A. जर्मनी का एक मुख्य समुद्री-पत्तन

B. पार-साइबेरियन रेलवे का टर्मिनल स्टेशन

C. एक अंतर्राष्ट्रीय वायु-पत्तन

D. निर्वाहन संग्रहण का एक क्षेत्र

E. एक महत्त्वपूर्ण जलमार्ग

F. 'चलवासी पशुचारण' का एक क्षेत्र

G. विस्तृत वाणिज्यिक अनाज कृषि का एक क्षेत्र

23. Suggest the measures to solve the problems of urban waste disposal in India. **3**

## SECTION - D

**Question no. 24 to 28 are Long Answer Type Questions. (5 × 5 = 25)**

24. Explain the approach suggested by Amartya Sen to increase human development and examine the four major aspects of human development. **5**

25. (a) Assess the growth and significance of service sector in the development of the world economy. **5**

**OR**

(b) Assess the growth and significance of transport and communication services in the world economy. **5**

26. (a) Analyse the rural-urban characteristics of Indian population. **5**

**OR**

(b) Analyse the main features of the composition of working population in India. **5**

27. (a) Explain the main features of large scale manufacturing industries in the world. **5**

**OR**

(b) Explain the main features of 'High Tech' industries in the world. **5**

28. (a) "Although India is richly endowed with a variety of mineral resources yet distribution of minerals over space is highly uneven." Evaluate the statement. **5**

**OR**

(b) "For the sustainable development, there is urgent need for the conservation of mineral resources." Evaluate the statement. **5**

## SECTION – E

**Question no. 29 and 30 are Map Based Questions. (2 × 5 = 10)**

29. On the outline political map of the world, seven geographical features have been marked as A, B, C, D, E, F and G. Identify any **FIVE** of them and write their names on the lines drawn near them : **5**

A. Major sea port in Germany.
B. Terminal station of Trans-Siberian Railway.
C. An international airport.
D. An area of subsistence gathering.
E. An important waterway.
F. An area of 'Nomadic Herding'.
G. An area of extensive commercial grain farming.

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 29 के स्थान पर हैं । किन्हीं पाँच का उत्तर लिखिए :** $5 \times 1 = 5$

29.1 जर्मनी के एक मुख्य समुद्री–पत्तन का नाम लिखिए ।

29.2 पार–साइबेरियन रेलमार्ग के सबसे पूर्वी टर्मिनल स्टेशन का नाम लिखिए ।

29.3 दक्षिण अफ्रीका के एक अंतर्राष्ट्रीय वायु–पत्तन का उल्लेख कीजिए ।

29.4 कनाडा के एक निर्वहन संग्रहण क्षेत्र का नाम लिखिए ।

29.5 मिस्र के एक महत्त्वपूर्ण जलमार्ग का नाम लिखिए ।

29.6 अफ्रीका के एक चलवासी पशुचारण क्षेत्र का नाम लिखिए ।

29.7 ऑस्ट्रेलिया के एक विस्तृत वाणिज्यिक अनाज कृषि क्षेत्र का नाम लिखिए ।

30. दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा–मानचित्र पर निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** भौगोलिक लक्षणों को उपयुक्त चिह्नों द्वारा दर्शाइए और उनके नाम लिखिए । $5 \times 1 = 5$

30.1 ओडिशा में लौह–अयस्क की महत्त्वपूर्ण खाने

30.2 केरल का एक महत्त्वपूर्ण समुद्री–पत्तन

30.3 राजस्थान की एक ताँबे की खान

30.4 बिहार में एक तेलशोधन कारखाना

30.5 पंजाब में एक अंतर्राष्ट्रीय वायु–पत्तन

30.6 सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला एक राज्य

30.7 जूट उत्पादन में अग्रणी एक राज्य

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 30 के स्थान पर हैं । किन्हीं पाँच का उत्तर लिखिए :** $5 \times 1 = 5$

30.1 ओडिशा के एक मुख्य लौह–अयस्क खनन क्षेत्र का नाम लिखिए ।

30.2 केरल के एक मुख्य समुद्री–पत्तन का नाम लिखिए ।

30.3 राजस्थान के एक ताँबा खनन क्षेत्र का नाम उल्लेख कीजिए ।

30.4 बिहार में एक तेलशोधन कारखाने के स्थान का नाम लिखिए ।

30.5 पंजाब में उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ एक अंतर्राष्ट्रीय वायु–पत्तन स्थित है ।

30.6 सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाले राज्य का नाम लिखिए ।

30.7 जूट उत्पादन में कौन सा राज्य अग्रणी है ?

**Note :** **The following questions are for the Visually Impaired Candidates only in lieu of Question No. 29. Answer any five :** **5 × 1 = 5**

29.1 Name the major seaport in Germany.

29.2 Name the easternmost terminal station of Trans-Siberian Railway.

29.3 Mention an international airport in South Africa.

29.4 Mention an area of subsistence gathering in Canada.

29.5 Name an important waterway of Egypt.

29.6 Mention an area of nomadic herding in Africa.

29.7 Mention an area of extensive commercial grain farming of Australia.

30. On the given political outline map of India, locate and label any **five** of the following geographical features with appropriate symbols. **5 × 1 = 5**

30.1 Important iron ore mines in Odisha.

30.2 An important seaport in Kerala.

30.3 A copper mine in Rajasthan.

30.4 An oil refinery in Bihar.

30.5 An international airport in Punjab.

30.6 A state with highest density of population.

30.7 A state leading in the production of jute.

**Note :** **The following questions are for the Visually Impaired Candidates only in lieu of Question No. 30. Attempt any five :** **5 × 1 = 5**

30.1 Name an important iron ore mining area in Odisha.

30.2 Name the main sea port of Kerala.

30.3 Mention the name of a copper mining area of Rajasthan.

30.4 Name the place of an oil refinery in Bihar.

30.5 Mention the name of a place where an international airport is located in Punjab.


30.6 Name the state with highest density of population.

30.7 Which is the leading state in the production of jute ?

Cut Here ---- यहाँ से काटें ---- Cut Here ---- यहाँ से काटें

प्रश्न सं. **29** के लिए मानचित्र

Map for Q. No. **29**



प्रश्न सं. **30** के लिए मानचित्र
Map for Q. No. **30**




यहाँ से काटें ---- Cut Here ---- यहाँ से काटें ---- Cut Here